छात्रों ने सीखे आपदा से निपटने के गुर

नादौन में कोरोना, बाढ़ और भूकंप पर बच्चों को किया गया जागरूक

हिमाचल दस्तक। नादौन

भारत सहित संपूर्ण विश्व कोरोना महामारी की आपदा के निदान हेतु लगातार प्रयासरत है। संपूर्ण विश्व के विविध प्राणी भिन्न-भिन्न आपदाओं जैसे बाढ़ का आना, भूकंप, सुनामी इत्यादि का निरंतर सामना करते रहते हैं। इन सभी प्राकृतिक और कृत्रिम आपदाओं से निपटने के लिए अनेक संस्थाएं और सरकारें लगातार कार्यक्रमों का आयोजन करते रहे हैं। इसी कड़ी में कन्या स्कूल नादौन में भी शिक्षक नरेश मलोटिया और सरिता कुमारी की अगुआई में समर्थ 2020 के तहत आपदाओं से होने वाले जोखिम को कम करने हेतु अंतरराष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या मीना कुमारी ने भी छात्राओं को कोरोना महामारी, बाढ़, भूकंप इत्यादि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु जरूरी सुझाव देते हुए उन्हें प्रेरित किया। विभाग के निर्देशानुसार छात्राओं में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, निबंध लेखन और क्विज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें विद्यालय की लगभग 40 छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय में पोस्टर मेकिंग में अमृति कला ने प्रथम रिद्धिका जैन दसवीं ने द्वितीय और आर्षी दसवीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 'स्लोगन राइटिंग' में वंशिका 1मेडिकल ने प्रथम, अंशिका दसवीं ने द्वितीय और पारुल दशमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में आर्षी दसवीं ने प्रथम, रिद्धिका ने दूसरा और पारुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को बधाई दी।

कोरोना से बचने के लिए सामाजिक दूरी जरूरी : मीना

प्रधानाचार्या मीना कुमारी ने कहा कि इस समय कोरोना महामारी भी एक आपदा है, जिससे बचने के लिए हैंड सेनेटाइजर, मास्क, हैंडवॉश, सामाजिक दूरी इत्यादि नियमों का पालन करके सुरक्षित रहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्राओं से अपील की कि सभी छात्राएं अपने परिवारए गांव, समाज को सुरक्षित रखने हेतु सभी लोगों को नियमों का पालन करवाने हेतु लगातार प्रोत्साहित और प्रेरित करें ताकि हमारे समाज का हर एक प्राणी इन प्राकृतिक और कृत्रिम आपदाओं का प्रबंधन करने में सक्षम बने और सभी सुरक्षित रहें। इस उपलक्ष्य पर उप प्रधानाचार्य विनूप सिंह, विजय कुमार सोनी, मुकेश कुमार, अनीता कुमारी, मदनलाल जसवाल, विजय कुमार शर्मा, राजीव जैरथ, नरेंद्र सिंह ठाकुर इत्यादि गणमान्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

बिलासपुर में युवती से 1.06 ग्राम चिट्टा बरामद

बिलासपुर। जिला पुलिस ने स्थानीय शहर की व्यास गुफा के पास एक 25 वर्षीय युवती से 1.06 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने इस संबंध में युवती के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है व आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार गत वीरवार देर सायं बिलासपुर सदर पुलिस व्यास गुफा के पास गश्त कर रही थी। पुलिस दल ने शक के आधार पर एक युवती को रोका, तो जांच करने पर उससे चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, एसपी दिवाकर शर्मा ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि यह अभियान जारी रहेगा।

संस्कृत भाषा में 'माए नी मेरिये' गीत यू-ट्यूब पर लांच

बिलासपुर। बिलासपुर के प्रत्युष व उत्कर्ष शर्मा की जोड़ी ने देश-प्रदेश में संस्कृत भाषा को प्रमोट करने के लिए नई पहल की है। उन्होंने हाल ही में हिमाचल के प्रसिद्ध लोक गीत 'माए नी मेरिये' को संस्कृत भाषा में तैयार किया है। इस गीत को दोनों भाईयों ने गाया भी स्वयं है और इसका संगीत भी उन्होंने तैयार किया है। शुक्रवार को इस गीत को यू-ट्यूब पर लांच किया गया। जिसका विमोचन उपायुक्त रोहित जमवाल ने बचत भवन में किया। खास बात यह है कि इस गीत को संस्कृत के साथ-साथ इंग्लिश व मलयालम में भी ट्रांस्लेट किया गया है। -हिमाचल दस्तक

ब्रीफ न्यूज

2 वार्डों में बनाए कंटेनमेंट जोन, 4 में हटाई पाबंदियां

हमीरपुर। कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने के बाद जिला की दो ग्राम पंचायतों के एक-एक मकान को कंटेनमेंट जोन बनाया है, जबकि पूर्व में कंटेनमेंट जोन घोषित किए गए तीन पंचायतों के कुछ मकानों-भवनों में संक्रमण का कोई भी नया मामला नहीं मिलने पर इनमें कंटेनमेंट जोन की पाबंदियां समाप्त कर दी हैं। डीसी देवाश्वेता बनिक ने अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। पहले आदेश के अनुसार भोरंज की ग्राम पंचायत लगमन्वीं के वार्ड नंबर 5 गांव लग में विजय कुमार का घर और हमीरपुर की ग्राम पंचायत ग्वारडू के वार्ड नंबर 3 लुहाखर में विजय कुमार का घर कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। दूसरे आदेश के अनुसार गसोता के वार्ड नंबर 1 गांव घुमारीं के एक मकान, डुग्घा के वार्ड नंबर 2 बरोहा में किराए के एक भवन, वार्ड नंबर 4 गांव पंजाहली के एक मकान और ग्राम पंचायत बजरोल के वार्ड नंबर-1 गांव भटलंबर के पांच घरों को कंटेनमेंट जोन से बाहर कर दिया गया है।

टीजीटी वरिष्ठता सूची में शामिल हो पात्र शिक्षकों ने नाम

हमीरपुर। प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गई टीजीटी वरिष्ठता सूची में अनेकों शिक्षकों का नाम शामिल नहीं किया गया है। इस सूची में शीघ्र संशोधन करने की अपील प्रदेश राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ के अध्यक्ष विजय हीर ने की है। इस सूची में छूटे हुए नाम शामिल करने हेतु विभाग तत्काल उचित कदम उठाए। ऐसे में शिक्षक वर्ग प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक हमीरपुर से आशा रखता है कि वे इस सूची में शामिल न हुए नामों को शामिल करवाने हेतु नए सिरे से आदेश जारी करेंगे।

चमियाणा में मांगे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के आवेदन

हमीरपुर। आंगनबाड़ी केंद्र चमियाणा-1 में कार्यकर्ता का एक पद सीधे साक्षात्कार से भरा जाएगा। इसके लिए 20 नवंबर को सुबह साढ़े दस बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। सूचना के अनुसार उक्त आंगनबाड़ी केंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की पात्र महिलाएं इस पद के लिए अपने आवेदन पत्र 20 नवंबर सुबह 10 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय सुजानपुर में जमा करवा सकती हैं। सादे कागज पर आवेदन के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न होने चाहिए। आवेदक की आयु 21 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा वह कम से कम बारहवीं पास हो।

अब रमेश चंद करेंगे जनमंच की अध्यक्षता

बिलासपुर। जिले का जनमंच कार्यक्रम चांदपुर स्कूल में 8 नवंबर को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब जनमंच कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष राज्य योजना बोर्ड रमेश चंद धवाला करेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त तोरुल रवीश ने दी। उन्होंने कहा कि जनमंच कार्यक्रम के लिए विस क्षेत्र बिलासपुर सदर की 7 पंचायतें चयनित की गई हैं, जिनमें चांदपुर, बल्ह बल्वाणा, कंदरौर, निचली बटैड, बामटा, कुड्डी, रघुनाथपुरा शामिल हैं। जनमंच कार्यक्रम में शामिल की गई पंचायत में प्री-जनमंच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है

फोटोयुक्त मतदान सूचियां 16 से रहेंगी उपलब्ध

झंडूत्ता। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम झंडूत्ता विकास शर्मा ने बताया कि 46 झंडूत्ता, अजा विस निर्वाचन क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में प्रथम जनवरी, 2021 की अर्हता तारीख को आधार मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के वार्षिक विषेश संक्षिप्त पुनरीक्षण का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इसके तहत प्रत्येक मतदान केंद्र पर प्रारूप में प्रकाशित फोटोयुक्त मतदाता सूचियां 16 नवंबर से 15 दिसंबर तक आम जनता के निरीक्षण के लिए मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त अभिहित अधिकारी बूथ लेवल अधिकारियों के संरक्षण में रखी जाएंगी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम में 11 से 12 नवंबर को अभिहित अधिकारियों, बूथ लेवल अधिकारियों तथा पर्यवेक्षकों का पूर्वाभ्यास राजकीय महाविद्यालय झण्डूता में किया जाएगा।

जेएनवी में प्रवेश के लिए 15 दिसंबर तक आवेदन

बिलासपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा के प्रधानाचार्य अनूप सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपूरा में कक्षा नवीं में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में रिक्त स्थानों हेतु चयन परीक्षा आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राएं किसी सरकारी, अर्ध सरकारी, मान्य प्राप्त विद्यालय में आठवीं कक्षा में पढ़ रहे हैं, वे सभी प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर 15 दिसंबर तक किया जा सकता है। इस संबंध में किसी भी तरह की समस्या के लिए फोन नंबर 01978-280342 व 94181-14501 संपर्क कर सकते हैं।

अब नीट-जेई के परिणामों के लिए जाना जाएगा हमीरपुर : डॉ. शोबित

रविंद्र चंदेल। हमीरपुर

प्रदेश के प्रख्यात कोचिंग सेंटर एएस विद्या मंदिर ने अब हमीरपुर में नए वादे व इरादे के साथ दस्तक दी है। देश के नामी कोचिंग सेंटरों से राष्ट्रीय स्तर के अध्यापन का अनुभव लेकर हमीरपुर में नए फ्लेवर के साथ पहुंचे एएस विद्या मंदिर ने आकाश, चैतन्या व राजस्थान, कोटा से बेहतरीन टीचिंग में वर्षों का अनुभव रखने वाली फैक्लटी को छात्रों व अभिभावकों की बेहतर शिक्षण सर्विस के लिए लाया है। एएस विद्या मंदिर के डायरेक्टर शोबित पटेल ने बताया कि बेशक हमीरपुर शिक्षा के हब के तौर पर विकसित हो रहा है, लेकिन नीट व जेई के परिणामों में अभी तक अव्वल मुकाम हासिल करना हमीरपुर के लिए बाकी है। हमीरपुर देश में नीट और जेई के परिणामों के कारण जाना जाए, इसी मकसद को लेकर वह हमीरपुर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर के छात्रों के प्रोटेंशियल व अभिभावकों की समझ से वह बेहद प्रभावित हैं। अगर सब कुछ सही रहता है तो वह निश्चित तौर पर हमीरपुर में जेई और नीट के परिणामों को डबल डिजिट में करके दिखाएंगे, जो कि अभी तक सिंगल डिजिट पर ही सिमट जाते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह भरोसा है कि वह हमीरपुर में पहले से बेहतर कर दिखाएंगे। कोटा, राजस्थान व आकाश अकादमी चंडीगढ़ में बतौर एचओडी सेवाएं दे चुके शोबित का कहना है कि वह एएस विद्या मंदिर के बैनर के साथ परफेक्टर प्लानिंग लेकर आए हैं, जिसमें उनकी यूएसपी हर अभिभावक व छात्र के शक को दूर करने पर फोक्स रहेगी। हालांकि यह एक दिन का प्रोसेस नहीं है, लेकिन फिर भी वह इसके लिए आश्वस्त व विश्वस्त हैं कि हमीरपुर की पहचान को नीट और जेई के परिणामों में अव्वल बनाकर ही दम लेंगे।

● एएस विद्या मंदिर के डॉयरेक्टर ने दी जानकारी

दसलेहड़ा स्कूल में शिक्षक कोरोना पॉजिटिव

शाहतलाई। दसलेहड़ा स्कूल में एक अध्यापक कोरोना पॉजिटिव आया है, जिससे छात्रों सहित अभिभावकों मे हड़कंप मच गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्कूल पहुंचकर स्टाफ व छात्रों सहित 47 सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं तथा स्कूल को फायर बिग्रेड से सेनेटाइज करवा दिया है। उल्लेखनीय है कि दसलेहड़ा मे एक अध्यापक की कोरोना पॉजिटिव की रिपोर्ट वीरवार शाम को आई, जिसकी भनक लगते ही स्कूल प्रशासन ने छात्र-छात्राओं को मैसेज कर सूचित कर दिया गया कि कोई भी विद्यार्थी पाठशाला में न आएं जबकि पाठशाला को तीन दिन के लिए बंद कर दिया है। जानकारी के अनुसार उक्त अध्यापक सोमवार को पाठशाला में आया था, उस दिन अध्यापक ने नौवीं व दसवीं के करीब 18 बच्चों को पढ़ाया था। उसके पश्चात अध्यापक मंगलवार व बुधबार को छुट्टी पर था।वहीं खंड चिकित्सा अधिकारी अरविंद टंडन ने मामले की पुष्टि की है।

घुमारवीं में सीएम के शिलान्यास व उद्घाटनों से विकास को मिली गति

हिमाचल दस्तक। घुमारवीं

खाद्य आपूर्ति मंत्री राजिंद्र गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री ने भराड़ी में 13 विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन किए वह घुमारवीं के चहुमुंखी विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। गर्ग ने घुमारवीं के इतिहास में एक साथ सबसे बड़ी सौगात देने पर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे घुमारवीं के विकास को अधिक गति मिली है। गर्ग घुमारवीं में भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। गर्ग ने बैठक में मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवाओं की पीठ थपथपाई तथा प्रशंसा की। गर्ग ने कहा कि युवा वर्ग संगठन की रीढ़ होती है। किसी भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवाओं की भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए घुमारवीं चुनाव क्षेत्र में युवा मोर्चा का दायरा और अधिक बढ़ाया जाए।

● भाजपा युवा मोर्चा की बैठक में बोले मंत्री राजिंद्र गर्ग

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला ऊना –174303, हिमाचल प्रदेश

सीआईएन: L31901HP2009PLC031083 | टेलीफोन/फैक्स: 01975-272001 | ई–मेल: investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइट: www.inoxwind.com

30 सितम्बर 2020 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्ध वर्ष हेतु समेकित अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (रुपये लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	30.09.2020 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित	30.09.2020 को समाप्त अर्द्ध वर्ष अनअंकेक्षित	30.09.2019 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	17,109	26,776	13,861
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(11,576)	(22,608)	(7,015)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(7,600)	(14,927)	(4,560)
4.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल]	(7,598)	(14,941)	(4,526)
5.	संचित पुनर्मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त	-	-	-
6.	प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रति अंश)	22,192	22,192	22,192
7.	प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर–वार्षिकृत)			
	मूलभूत (रु. में)	(3.42)	(6.73)	(2.06)
	तरल (रु. में)	(3.42)	(6.73)	(2.06)

टिप्पणीयाँ:

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा 6 नवम्बर 2020 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गए। संवैधानिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारी है :

(रुपये लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	30.09.2020 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित	30.09.2020 को समाप्त अर्द्ध वर्ष अनअंकेक्षित	30.09.2019 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	13,512	19,485	5,544
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(7,841)	(15,118)	(4,626)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(4,708)	(9,464)	(2,989)

निदेशक मंडल की ओर से
कृते आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ताक्षर/–
देवांश जैन
निदेशक

स्थान: नोएडा
तिथि: 6 नवम्बर, 2020

अपनी नाकामियों को छुपाने का भाजपा खेल रही खेल: कौशल

हमीरपुर। मुख्यमंत्री तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष द्वारा कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध की जा रही बयानबाजी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि भाजपा सरकार के पास अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में जनता को बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। इसलिए कांग्रेस को कोस कर अपनी नाकामियां छुपाने का खेल खेला जा रहा है। भाजपा के शासनकाल में हर चीज की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। बिजली की दरें बढ़ाई, मीटर की सेक्योरिटी 5 गुना बढ़ा दी, डिपो में मिलने वाले राशन की कीमतों में बढ़ोतरी, गाड़ियों के पंजीकरण की फीस, आलू, प्याज इत्यादि चीजों की कीमतें न केवल गरीब अपितु मध्यम बर्ग की पहुंच से भी बाहर हो चुकी हैं। कोरोना महामारी से निपटने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने महामारी से निपटने में सरकार और प्रशासन की कमियों को उजागर कर सचेत करने का कार्य किया और यदि सरकार सुझावों पर ध्यान देती तो इतने लोगों को प्राणों से हाथ नहीं धोने पड़ते।

महंगाई के मुददे पर असफल साबित हुई सरकार: विवेक

झंडूत्ता। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विवेक कुमार ने वर्तमान भाजपा सरकार पर महंगाई के मुद्दे पर असफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा जिस तरह गरीब जनता पर महंगाई थोप रही है, जिससे इस वर्ग का इस महामारी के दौर में जीना दुर्लभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा निजी स्कूलों के द्वारा पुरानी फीस को लिए जाने का निर्णय, बिजली की बढ़ाई दरें और नए कनेक्शन पर 11000 सिक्योरिटी के तौर पर लिया जाना तथा कोविड-19 के समय बढ़ाया गया बस किराए जैसे कई जनविरोधी निर्णय लिए गए है। जो प्रदेश सरकार की नाकामी को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंदर सड़कों की हालत अति दयनीय है । उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश भाजपा सरकार के जनविरोधी निर्णयों पर स्थानीय विधायक ने चुप्पी साध रखी है।

कांग्रेस राज में हुए विकास कार्यों का श्रेय ले रही भाजपा

● बिलासपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में राजेश धर्माणी ने प्रदेश सरकार पर जड़े आरोप

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। बिलासपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक घुमारवीं चुनाव क्षेत्र राजेश धर्माणी ने सरकार के प्रतिबंध के बावजूद भराड़ी स्कूल में गत पांच नवंबर को मुख्यमंत्री की जनसभा आयोजित की गई, जो नियमों की सरेआम उल्लंघना है, जिससे यह लगता है कि यह जनसभा विकास कार्यों की अपेक्षा चुनावी रैली ही साबित हुई। इस दौरान जिन योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन किए गए, उनमें से अधिकांश योजनाएं पूर्व कांग्रेस सरकार के समय तैयार हुई थी व उनकी विधायक प्राथमिकी योजनाओं में शामिल थी। धर्माणी बिलासपुर के सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि अपने कार्यकाल में घुमारवीं चुनाव क्षेत्र को गर्मियों के दिनों में पानी की दिक्कत को दूर करने के लिए ब्यास नदी पर आधारित 137 करोड़ की योजना की डीपीआर तैयार करवाई थी, जिसे पूर्व सरकार के माध्यम से दो प्रमुख एजेंसियों ब्रिक्स व जायका को मंजूरी के लिए भेजा गया था और यह मंजूर भी हो गई थी लेकिन दो माह बाद प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो गया।

नई सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। बल्कि घुमारवीं के वर्तमान विधायक ने राजनीतिक श्रेय लेने की होड़ के चलते इस योजना के बदले सतलुज से पानी उठाने वाली योजना को तैयार करवाया, जबकि व्यास नदा आधारित पेयजल योजना से घुमारवीं की 7 पंचायतों को भी पानी मिलना था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक के तीन साल श्रेय लेने में ही बीत गए।

सीएम का बिलासपुर दौरा सिर्फ लॉलीपॉप : संदीप

बिलासपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव संदीप सांख्यान ने कहा कि मुख्यमंत्री का बिलासपुर दौरा सिर्फ लॉलीपाप साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो भी यहां शिलान्यास और उद्घाटन किए हैं, वह सभी पूर्व में कांग्रेस की योजनाओं पर आधारित थे। मुख्यमंत्री ने मीडिया में सुर्खियां बटोरने के 191.03 करोड़ के शिलान्यास की घोषणा की है, लेकिन यह नहीं बताया कि यह पैसा कहां से आएगा, क्योंकि प्रदेश का राजस्व नोटबंदी, जीएसटी की भारी दरों और कोविड-19 की वजह से गिर चुका है और ऐसे सरकार पहले से ही कर्जे पर चल रही है, उसके ऊपर सरकार ने 1000 करोड़ रुपये का भारी भरकम लोन लेने की कवायद भी शुरू कर दी है, ऐसे में करोड़ों के शिलान्यास व उद्घाटन वाली बात कुछ हजम नहीं हो पा रही है।

HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT

e-Procurement Notice

INVITATION FOR BIDS (IFB)

1.The **Executive Engineer Electrical Division No-II, HPPWD Shimla-2** on behalf of Governor of H.P invites the online bids on item rate, in electronic tendering system, in 2 Cover System for the under mentioned work from the eligible and approved contractors/firms. The bidder shall have to fulfil the criteria as specified in Technical Qualification Criteria (TQC) contained in Form -8 page 53 available online in tender document.

S. No.	Name of work	Estimated cost	Earnest money	Time	Cost of form
1	Extension of central heating of auditorium to medical college Shimla(Anatomy block)in Dis-section museum hall)	21,50,000	40,000/-	6 months	500/-NR
2	C/O Additional floor of new trauma Centre at IGMC Shimla(SH:Balance work of fire detection and PA system therein)	14,06,780	28,500	6 months	500/-NR

2. Availability of Bid Document and mode of submission: The Bid document is available online and bid should be submitted in online mode on website https://hptenders.gov.in.

Bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities (CA). "Aspiring bidders who have not obtained the user ID and password for participating in e-tendering in HPPWD may obtain the same from the website: https://hptenders.gov.in. Digital signature is mandatory to participate in the e-tendering. Bidders already possessing the digital signature issued from authorized CAs can use the same in this tender

3. Key Dates:

1.	Date of Online Publication	10.11.2020 17:00 HRS
2.	Document Download Start and End Date	10.11.2020 17:30 HRS up to 24.11.2020 17:00 HRS
3.	Bid Submission Start and End Date	10.11.2020 17:30 HRS up to 24.11.2020 17:00 HRS
4.	Physical Submission of EMD and Cost of Tender Document	25.11.2020 up to 11:00 HRS
5.	Date of Technical Bid opening, Evaluation of Technical Bid followed by Opening of Financial Bid.	25.11.2020 11:30 HRS

4. Tender details:

The Tender Documents shall be uploaded online in 2 Cover

Cover 1: shall contain scanned copies of all **"Technical Documents/ Eligibility Information".**

Cover2: shall contain **"BOQ/Financial Bid"**, where contractor will quote his offer for each item.

5. **Submission of original documents:** The bidders are required to submit (a) original demand draft towards the cost of bid document and (b) original bid security/Earnest Money Deposit (EMD) and other Technical Documents in **O/o Executive Engineer Electrical Division No-II, HPPWD Shimla-2** as specified in Key dates under Sr. No. 3 on Tender Opening Date, failing which the bids will be declared non-responsive.
6. **Bid opening details:** The bids shall be opened on **25/11/2020** at **11:30** Hrs in the office Executive **Engineer Electrical Division No-II, HPPWD Shimla-2** by the authorised officer. In their interest the tenderer are advised to be present along with original documents at the time of opening of tenders.
7. If it happens to be holiday on the date of opening of the bids as specified, the bids will be opened on the next working day at the same time and venue and no separate notice will be given in this regard.
8. The bids for the work shall remain valid for acceptance for a period not less than **120 days** after the deadline date for bid submission.
9. Other details can be seen in the bidding documents. The officer-inviting tender shall not be held liable for any delays due to system failure beyond its control. Even though the system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the Employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidder's responsibility to verify the website for the latest information related to the tender.
10. The competent authority on behalf of Governor of H.P reserves the right to reject any or all the tenders received without assigning any reason.
11. Registration with HP Sales Tax is essential. If the bidder has not registered and found to be the lowest bidder he is supposed to register him on award of work. He shall submit the sales tax paper to the employer, before any payment is made to him.

Executive Engineer,
Elect. Division No.II
HPPWD Shimla-2.

Advt. No. 4151/2020-21 –HIM SUCNA AVAM JAN SAMPARK-

अनुराग ठाकुर का हमीरपुर का दौरा 8 से

हमीरपुर। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर 8 और 9 नवंबर को हमीरपुर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार अनुराग सिंह ठाकुर 7 नवंबर शाम को ऊना से समीरपुर पहुंचेंगे। 8 नवंबर को वह सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 9 नवंबर को वह सुबह साढ़े नौ बजे उपायुक्त कार्यालय परिसर हमीरपुर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। दोपहर बाद अनुराग सिंह ठाकुर नादौन विधानसभा क्षेत्र के अमतर में विभिन्न विकास कार्यों के उदघाटन-शिलान्यास करेंगे। इसी दिन शाम को वह धर्मशाला रवाना हो जाएंगे।

स्पर्धा श्री नयना देवी में दो दिवसीय बाल-विज्ञान सम्मेलन का आयोजन

साइंस क्विज में आदित्य-काजल प्रथम

हिमाचल दस्तक। स्वारघाट

श्री नयना देवी उपमंडल के तहत आयोजित दो दिवसीय बाल विज्ञान सम्मेलन में 167 नन्हें वैज्ञानिकों ने भाग लिया, जिसमें विजेता विद्यार्थी 19 से 21 नवंबर को जिला स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन में भाग लेंगे। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक रवि कुमार ने बताया कि इस बार बाल विज्ञान सम्मेलन ऑनलाइन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि साइंस क्विज विज्ञान प्रश्नोत्तरी सब जूनियर वर्ग में पहले स्थान पर माकड़ी स्कूल से आदित्य व काजल, दूसरे स्थान पर लखनू स्कूल से दलजीत सिंह व अंबिका तथा तीसरे स्थान पर तरसूह से नम्रता व मीनाक्षी ने बाजी मारी। साइंस क्विज विज्ञान प्रश्नोतरी जूनियर वर्ग में छंब भुजाण से कार्तिक व ईशान, दूसरे पर जकत्खाना से सेजल व प्रिया तथा स्वारघाट से नम्रता व अनु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। साइंस क्विज सीनियर वर्ग में बस्सी से अंशुल व अभिनव ने पहला, जकत्खाना से मानसी व कामना ने दूसरा तथा स्वारघाट से हर्षदीप व शगुन ने तीसरा स्थान लिया। साइंस एक्टिविटी कार्नर सब जूनियर वर्ग में ददोह से राहुल मिनहास, अंशिका सलोआ स्कूल से तथा लखनु से नरेंद्र अव्वल रहे। साइंस एक्टिविटी कार्नर सीनियर वर्ग में जकत्खाना से साहिल कुमार, शुभम शर्मा स्वारघाट तथा नैन्सी ठाकुर स्वारघाट से अव्वल रहे। मैथमेटिकल ओलिंपियाड जूनियर वर्ग में पहले स्थान पर टरवाड़ स्कूल से मनरूप ने पहला स्थान, एमपीएस स्कूल से पीयूष ने दूसरा तथा टोबा से पलक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मैथमेटिकल ओलंपियाड सीनियर वर्ग में पहले स्थान पर बेहल स्कूल से रीतिका ने पहला, स्वारघाट से ईशा ने दूसरा तथा टरवार से दीपक धीमान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मैथमेटिकल ओलंपियाड सीनियर सेकंडरी वर्ग में टोबा स्कूल से अंजलि ने पहला, दूसरे स्थान पर शिवांश महाजन स्वारघाट तथा जकातखाना से मंदीप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पवन चंदेल, पूर्व विज्ञान पर्यवेक्षक अमृत महाजन, विज्ञान प्रश्नोतरी के पर्यवेक्षक अजय कुमार शर्मा, साइंस एक्टिविटी कार्नर के पर्यवेक्षक मनोज महाजन, मैथमेटिकल ओलिंपियाड के पर्यवेक्षक अजय चंदेल, पंकज कुमार, अनिल कुमार, अनुपमा, संजीव राठौर तथा रजनीश ठाकुर मौजूद रहे।

● उपमंडल से 167 नन्हें वैज्ञानिकों ने दिखाई रुचि